# आयुक्त ने गोकुल नगर में निर्मित पीएम आवास एवं वृक्षारोपण का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद गोकुल नगर में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास, बायो गैस स्थापना हेतु चयनित स्थल एवं कुरूद स्थित न्यू एस.एल.आर.एम. सेंटर के आस–पास प्लांटेशन का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया। कुरूद गोकुल नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वंदे मातरम में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण आयुक्त पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत लाटरी में चयनित हितग्राहियों को अविलंब आवास उपलब्ध कराने के उददेश्य से आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया है। उपस्थित निर्माणकर्ता एजेंसी को चरणबद्व काम करने के लिए निर्देशित किया गया है, जिससे चयनित हितग्राहियों को तीन दिवस के अंदर मकान सुपुर्द किया जा सके। 30 मकानों का कार्य लगभग पूर्णतः की स्थिति में है। गोकुल नगर से निकलने वाले गोबर के सदुपयोग हेतु बायो गैस प्लांट स्थापना किया जाना है, जिसके लिए रूचि की अभिव्यक्ति आफर जारी की जा चुकी है। आयुक्त द्वारा कार्यपालन अभियंता सह भवन अधिकारी के साथ स्थल का निरीक्षण किया गया हैं। जिससे बायो गैस प्लांट की स्थापना का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। कुरूद मुक्तिधाम के पास एस. एल.आर.एम. सेंटर निर्मित है। वहां वृक्षारोपण किया गया है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ किया गया। रिक्त स्थल में मियावाकी पद्वति से सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र की हरियाली बढ़ाने एवं मिनी फारेस्ट बनाने में सहयोग मिलेगा। मियावाकी पद्वति से वृक्षारोपण का मुख्य उददेश्य कम क्षेत्रफल में सघन पौधो का रोपण कर मानव के साथ–साथ जीव जन्तुओ एवं पशु पक्षियों हेतु एक अनुकुल वातावरण एवं माहौल निर्माण करना होता है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दीपक देवांगन, एजेंसी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

